राजस्थान सरकार

**कार्यालय निदेशालय, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, राजस्थान जयपुर**

(Phone: 0141-2820360, E-mail: dirarch-jp@nic.in)

क्रमांकः– पु.स. / तक. / स्मा. / कोटा वृत्त / 2023 / 4427 दिनांकः– 13/4/2023

**अधिशाषी अभियंता,**
**सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड,**
**शाहबाद, जिला बारां।**

**विषयः–** रामगढ़ माता जी परिक्रमा के निर्माण के संबंध में।
**प्रसंगः–** आपका पत्रांक 1388 दिनांक 20.02.2023 एवं अधीक्षक, कोटा वृत्त का पत्रांक 214 दिनांक 05.04.2023

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रसंगोक्त पत्र के माध्यम से आप द्वारा रामगढ क्रेटर क्षेत्र में रामगढ़ माताजी के परिक्रमा मार्ग के निर्माण के संबंध में अनापत्ति (NOC) चाही गई है।

इस संबंध में लेख है कि रामगढ़ क्रेटर को यूनेस्को विश्व विरासत सूची में सम्मिलित किये जाने की कोई सूचना विभाग को प्राप्त नहीं हुई है। उक्त मार्ग में विभाग के संरक्षित स्मारक शिव मंदिर, भण्डदेवरा और उसके परिसर में दो अन्य मंदिर पुरातत्व महत्व के है। इसके अतिरिक्त इसके पश्चिम दिशा में तालाब के आस–पास कुछ मंदिरों के संरचनात्मक अवशेष मौजूद है। **अतः उक्त परिक्रमा मार्ग का निर्माण कार्य अधीक्षक, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, कोटा वृत्त, कोटा से प्राप्त टिप्पणी अनुसार करवाया जावे।**

**संलग्नः:– उपरोक्तानुसार**

13.04.23

(डॉ. महेन्द्र खड़गावत)
निदेशक

दिनांकः–

क्रमांकः– पु.स. / तक. / स्मा. / कोटा वृत्त / 2023 /

**प्रतिलिपि अधीक्षक, कोटा वृत्त, कोटा को इस निर्देश के साथ की वे उक्त परिक्रमा मार्ग के कार्यों को अपने निर्देशन में करवायेंगे तथा समय–समय पर उक्त कार्यों का निरीक्षण कर निदेशालय को मय छायाचित्र सूचित करेंगे। इस बात का विशेष ध्यान दिया जावें कि विभागीय संरक्षित स्मारकों को सिविल कार्यों से किसी भी प्रकार का कोई नुकसान ना हो।**

उपनिदेशक

Dpk/H/816

राजस्थान सरकार

# कार्यालय : अधीक्षक, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, कोटा वृत्त, कोटा

Phone 0744-2328443, E-mail supam.kota@gmail.com

क्रमांक : प.( )अ०पु०सं०को० / 2023 / 214 दिनांक : 5 अप्रेल, 2023

निदेशक,
पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग,
राजस्थान जयपुर।

विषय : रामगढ़ माता जी परिक्रमा के निर्माण के संबंध में।
संदर्भ :निदेशालय पत्रांक पु.सं. / तक. / स्मा. / कोटावृत्त / 2023 / 3217 दिनांक 08०03०2023

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि बारॉ जिले में स्थित रामगढ़ क्रेटर को विश्व विरासत सूची में सम्मिलित किये जाने की सूचना इस कार्यालय को प्राप्त नहीं है। विभाग का सरंक्षित स्मारक शिव मंदिर, भण्डदेवरा और उसके परिसर में दो अन्य मंदिर पुरातत्व महत्व के है। इसके अतिरिक्ति इसके पश्चिम दिशा में तालाब के आस–पास कुछ मंदिरों के संरचनात्म अवशेष मौजूद है। इसको छोडकर रामगढ़ माता की परिक्रमा मार्ग का निर्माण किये जाने पर इन पर प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। साथ ही संबंधित विभाग द्वारा परिक्रमा का मार्ग निर्धारण किया जाना भी अपेक्षित है।

उक्त संबंध में अधोहस्ताक्षकर्ता द्वारा दिनांक 26०03०2023 को रामगढ़ क्षेत्र के स्थलों का निरीक्षण किया गया था। इसमें स्थानीय व्यक्तियों द्वारा परिक्रमा मार्ग बताया गया, जिसके अनुसार भेरूजी दूड वाले, शनि महाराज मंदिर, तलाई के हनुमानजी मंदिर, राड़ी के भेरूजी मंदिर, छोटी व बड़ी जाग समाधि स्थल (नागा बाबा की), महादेव धाटी, ठाकुर बाबा, बडवासन माताजी, कलम की तलाई, ब्रम्हपुरी माता जी आदि धार्मिक महत्व की संरचनाए विध्यमान है।

भवदीय

5/4/23

वृत्त अधीक्षक, कोटा